पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन में पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में आज दिनांक 12 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य एवं स्वच्छ्ता जन–जागृति अभियान का निकटस्थ गन्दी एवं कच्ची बस्तियों में किया गया। उक्त जन–जागृति अभियान के माध्यम से लोगो के मध्य जनस्वास्थ्य सम्बन्धी जागरूकता का प्रचार–प्रसार किया गया। सभी बस्ती वासियो को अपने–अपने घरों में स्वच्छ्ता रखने, कचरे का समुचित निस्तारण व स्वास्थ्य का नियमित परीक्षण कराने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही शारीरिक व्यायाम को भी अपनी दिनचर्या में सम्मिलित करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन, राष्ट्र के प्रति युवाओ की भूमिका पर परिचर्चा, भाषण, खेलकूद इत्यादि का आयोजन किया गया, जिसमे स्नातक, स्नातकोतर विधार्थियों के द्वारा सहभागिता रही तथा प्रेरक विचार प्रस्तुत किये गए।

अधिष्ठाता महाविद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि किसी भी देश का सर्वांगीण विकास स्वामी विवेकानंद जी विचारो को पुर्णतः समावेशित करते हुए ही किया जा सकता है। जिसमे कोई भी प्रतिकूल परिस्थिति कभी भी बाधा नहीं बन

सकती है। अतः युवा दिवस आयोजन वास्तविक रूप से स्वामी विवेकानंद जी के विचारो का समस्त युवाओ के द्वारा जीवन में आत्मसात करना है।

उक्त जन–जागृति अभियान का नेतृत्व प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. गिरधारी दास, सभी विभागों के प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं के साथ किया। इस आयोजन में डॉ. मोहन सिंह, डॉ. रणविजय सिंह, डॉ. अनिल गट्टानी, डॉ. स्यमन्तक मणि त्रिपाठी, सहित अन्य प्राध्यापकों की विशेष उपस्तिथि रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.चि.वि., जबलपुर